समाचार

महापौर ने दिव्यांगजन को प्रदान की ट्रायसिकल

कोरबा 18 अक्टूबर 2022 — महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई ट्रायसिकल वार्ड क्र. 07 कोरबा निवासी दिव्यांगजन श्री संजय कुमार केंवट को प्रदान की, उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य पालूराम साहू, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, पूर्व एल्डरमेन परमानंद सिंह आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।